संख्या-286/2025/I/1087946/2025/23-11099(099)/78/2025

प्रेषक,

अभय प्रताप श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 लखनऊ : दिनांक 13-09-2025

विषयः- प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा मार्गो पर प्रदेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण, चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/सौन्दर्यीकरण हेतु एकमुश्त व्यवस्था योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों के कुल 10 कार्यो की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-110नि0/गेट/25-26, दिनांक 29-05-2025, पत्र संख्या-191नि0/150-01 नि0/25-26, दिनांक 11-06-2025, पत्र संख्या-162नि0/कार्ययोजना/25-26(प्रमाण पत्र), दिनांक 02-06-2025, पत्र संख्या-163नि0/कार्ययोजना/25-26(प्रमाण पत्र), दिनांक 02-06-2025 एवं पत्र संख्या-164नि0/कार्ययोजना/25-26, दिनांक 02-06-2025 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा मार्गो पर प्रदेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण, चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/सौन्दर्यीकरण हेतु एकमुश्त व्यवस्था योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों में प्रवेश द्वारा निर्माण के कुल 10 कार्यो की कुल लागत रू0 1726.29 लाख (रूपये सत्रह करोड़ छब्बीस लाख उन्नतीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए लागत के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 1381.02 लाख (रूपये तेरइ करोड़ इक्यासी लाख दो हजार मात्र) व्यय हेतु निम्नलिखित विवरणानुसार तथा शर्तो/ प्रतिबन्धों सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	जनपद/ खण्ड का नाम	कार्य का नाम	मार्ग की श्रेणी	सीएमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण संख्या	लागत	प्रस्तावित आवंटन
1	2	3	4	5	7	8
1	मथुरा/ प्रा0ख0	फतेहा-हथावली से सनौरा बरेली वाया ओल मार्ग राजस्थान की अन्तर्राज्जीय सीमा पर दो लेन गेट का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	अ0जि0मा0	202500003100946	199.93	159.94

2	मथुरा/ प्रा0ख0	गोवर्धन पलसो मार्ग के किमी0 21 में राजस्थान की अन्तर्राज्जीय सीमा पर दो लेन गेट का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	अ0जि0मा0	202500003100947	198.79	159.03
3	आगरा/ प्रा0ख0	फतेहाबाद से निवोहरा, शाहवेद मार्ग से होते हुए राजस्थान की अन्तर्राज्जीय सीमा पर दो लेन गेट का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	अ0जि0मा0	202500003100944	195.31	156.25
4	महोबा/ प्रा0ख0	कबरई पहरा मार्ग के मध्य प्रदेश की अन्तर्राज्जीय सीमा पर दो लेन गेट का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	अ0जि0मा0	202500003100949	167.65	134.12
5	बांदा/ नि0ख0-2	ढुरेढी लोहरा परमपुरवा मार्ग के मध्य प्रदेश की अन्तर्राज्जीय सीमा पर दो लेन गेट का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	अ0जि0मा0	202500003100948	187.54	150.03
6	सोनभद्र/ नि0ख0	मुर्धवा-म्योरपुर-बभनी-चपकी-बीजपुर मार्ग(मार्ग सं0-168ई0) मध्य प्रदेश की अन्तर्राज्जीय सीमा पर दो लेन गेट का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	प्रा0जि0मा0	202500003100956	148.47	118.78
7	सोनभद्र/ नि0ख0	बभनी-पोखरा-आसनडीह मार्ग छत्तीसगढ़ की अन्तर्राज्जीय सीमा पर दो लेन गेट का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	अ0जि0मा0	202500003100957	148.86	119.09
8	इटावा/ नि0ख0-1	फूप से चौरेला पाडरी बाबा सम्पर्क मार्ग के चैनेज-3.000 मध्य प्रदेश की सीमा पर प्रवेश द्वार का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	ग्रामीण मार्ग	202500003100953	159.98	127.98
9	इटावा/ नि0ख0-1	फूप से चौरेला होते हुए मधुपुरा मार्ग के चैनेज-0.000 मध्य प्रदेश की सीमा पर प्रवेश द्वार का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	अ0जि0मा0	202500003100954	160.03	128.02
10	इटावा/ नि0ख0-1	फूप से चौरेला होते हुए मधुपुरा मार्ग के चैनेज-48.800 के मध्य प्रदेश की सीमा पर प्रवेश द्वार का	अ0जि0मा0	202500003100955	159.73	127.78

		निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य।				
			योग-		1726.29	1381.02

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) उपरोक्त तालिका में अंकित निर्माण कार्य उस समय तक प्रारम्भ न किया जाय और न ही उस पर कोई व्ययभार लिया जाय जब तक कि स्वीकृत लागत के अन्दर कार्य का विस्तृत आगणन गठित कर उस पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्राविधिक स्वीकृति न प्रदान कर दी जाय ।

(2) उक्त कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जाय।

(3) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी सम्बन्धित विभाग की होगी। प्रायोजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त-पुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डाकघर में न रखी जाय। प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिए है उसी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जायेगा।

(6) अधिष्ठान की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। निर्माण कार्य की अवशेष लागत पर अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त (लेखा)) अनुभाग-2 के शासनादेश सं0-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75 दिनांक 25.01.2011 के साथ पठित के शासनादेश सं0-ए-2-1606 /दस-2014-17(4)/75 दिनांक 11.11.2014 द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी तथा उक्त शासनादेश दिनांक 25.01.2011 के संलग्नक में प्रदर्शित संबंधित विभाग के प्राप्ति लेखाशीर्षक में ट्रान्सफर इन्ट्री दवारा क्रेडिट किया जायेगा। लेखाशीर्षक "1054 सड़क तथा सेतु-800-अन्य प्राप्तियाँ-01 प्रतिशतता प्रभारों की वसूली में जमा की जायेगी।

(6) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि नियमानुसार भुगतान किया जायेगी।

(7) मूल्य ह्रास निधि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षक में नियमानुसार जमा करायी जायेगी।

(8) विभागीय प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन समिति द्वारा लगायी गयी शर्तो का पूर्णतय: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(9) वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-10/201/बी-2-96/दस-221-10/99, दिनांक 22 मार्च,2021 के अनुसार अनुमोदित प्रायोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के उपरान्त इसकी डी0पी0आर0 गठित करने केउपरान्त ही तकनीकी स्वीकृति निर्गत की जाय। यदि इस प्रक्रिया में यह परिलक्षित होता है कि प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष तकनीकी स्वीकृति की लागत 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही है, तो प्रायोजना का पुनरीक्षित आगणन गठन करते हुए 03 माह के भीतर पुनरीक्षित आगणन पर शासन का अनुमोदन प्राप्त किया जाय, अन्यथा की स्थिति में पुनरीक्षित प्रायोजना पर विचार नहीं किया जायेगा।

(10) प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत की जी०एस०टी० की धनराशि अनुमन्य कर दी गयी है। विभाग द्वारा अपने स्तर से सुनिश्चित किया जाय कि प्रायोजनान्तर्गत विभिन्न कार्यमदों में जी0एस0टी0 सम्मिलित न हो।

(11) यह सुनिश्चित किया जाय कि परियोजना में प्रस्तावित कार्य विभागीय नियमों/मानक के अन्तर्गत है।

(12) परियोजना का समयान्तर्गत पूर्ण कराना तथा भविष्य में परियोजना का पुनरीक्षण न किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(13) नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(14) राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित परियोजनाओं के निर्माण कार्य को प्ररम्भ किए जाने से पूर्व एन0एच0 से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक अनापत्तियां प्राप्त की जाय।

(15) प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व विभाग/कार्यदायी संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(16) परियोजनाओं से संबंधित समस्त तकनीकी पक्षों/तथ्यों व उनके परीक्षण/सत्यापन तथा इस परियोजना के निर्धारित मानकों के अनुरूप होने का पूर्ण उत्तरदायित्व प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष/मुख्य अभियंता(सेतु)/(मु0-1), लोक निर्माण विभाग का होगा।

(17) परियोजनाओं की लागत व समय सीमा में बढ़ोत्तरी न हो, इस हेतु परियोजना के निर्माण कार्य की साप्ताहित समीक्षा संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा एवं माह में कम से कम एक बार समीक्षा विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग के स्तर से सुनिश्चित की जोयगी।

(18) वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में निहित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(19) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाईन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणासी से आच्छादित किए जाने के संबंध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-05-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(20) सेन्टेज चार्जेज (प्रतिशत प्रभार), निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से संबंधित वित्तीय प्रबंधन विषयक वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75, दिनांक 17.05.2023 एवं शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-66/दस-2023-17(4)/75, दिनांक 19.05.2023 में निर्धारित प्रक्रिया एवं निहित शर्तो का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(21) उपरिलिखित सभी शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष तथा मुख्य अभियंता(मु0-1), लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता को होगा।

(22) प्रश्नगत परियोजनाएं सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर पंजीकृत है, जिनका पंजीकरण संख्या उपरोक्त तालिका में अंकित है।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रूपये 13,81,02,000 (रूपये तेरह करोड़ इक्यासी लाख दो हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 के लेखाशीर्षक-5054043371349 प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा मार्गो पर प्रदेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण, चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/सौन्दर्यीकरण के नये कार्यो की व्यवस्था मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कम्प्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या-E-8-129-X-2025-26-दिनांक: 27-08-2025 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन|
2- निजी सचिव, मा० राज्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
5- संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- प्रमुख अभियन्ता (ग्रामीण सड़क), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
9- संबंधित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
10- संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी ।
11- संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
12- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन|
13- राज्य योजना आयोग- 1/2, उ0प्र0 शासन ।
14- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
15- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन ।
16- नोडल अधिकारी (ऑन लाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन|
17- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।